20.04.2024 समय 18.30

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश के 13 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ा–विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों ने जनसभाएं की।

- सतरंगी सप्ताह के तहत दिव्यांगजन ने ट्राईसाइकिल रैली निकाल कर मतदान का संदेश दिया।

- मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा नए आपराधिक कानून तब ही सफल होंगे जब देश के नागरिक इन्हें अपनायेंगे।

- मौसम विभाग ने कल से एक नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीकानेर, संभाग में आंधी–बारिश की संभावना जताई।

000

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश की 13 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार जोर–शोर से जारी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक जन सभाओं के जरिये पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने शाहपुरा जिले के शकरगढ और कोटा में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया। श्री शाह ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज चित्तौडगढ में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में रोड़ शो कर जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक और जातिवादी सोच के कारण देश को नुकसान हो रहा है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी देश की सुरक्षा और आस्था के साथ खिलवाड कर रही है।
पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने छबडा में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने छीपाबडौद में जनसभा को सम्बोधित कर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की ।
उन्होंने कहा कि आज राजस्थान की जनता चिरंजीवी योजना को याद कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के न्याय पत्र का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस ने हर साल 30 लाख नौकरियों का वायदा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने भी छीपाबड़ौद में जनसभा को सम्बोधित किया।

000

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत प्रदेश की 12 संसदीय सीटों पर लगभग 57 दशमलव 88 प्रतिशत मतदान हुआ। इन सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले लगभग 6 प्रतिशत कम मतदान हुआ है। इनमें सबसे ज्यादा 66 दशमलव 25 प्रतिशत मतदान श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र में हुआ। वहीं करौली–धौलपुर क्षेत्र में सबसे कम 49 दशमलव 71 फीसदी वोट डाले गये हैं।

000

प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आज जालौर में स्वीप के तहत दिव्यांगजनों ने ट्राईसाईकिल रैली निकाल कर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का संदेश दिया।
टोंक में सतरंगी सप्ताह के तहत हरे रंग की थीम हम भी समक्ष–राष्ट्र भी सक्षम के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से पुलिस लाइन ग्राउंड तक ट्राईसाइकिल रैली निकाली और मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलायी।
सांचौर में ट्राईसाईकिल रैली में शामिल दिव्यांग प्रतिभागियों ने मतदान दिवस सूचना संबंधी होर्डिंग और बैनर लेकर लोगों को 26 अप्रैल को शत–प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।
बारां में विशेष योग्यजन ट्राईसाईकिल को जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश सिंह तोमर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विशेष योग्यजन ट्राईसाईकिल्स पर वोट डालने के नारों का उद्घोष करते हुए स्टेशन रोड़ से होकर प्रताप चौक पहुंचे, जहां मानव श्रृंखला बनाकर आमजन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।
झालावाड के भवानी मण्डी में दिव्यांगजनों की ट्राई साईकिल रैली को विकास अधिकारी रमेश चन्द वर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सम्पन्न हुई इस दौरान उपस्थित कार्मिकों और आमजन को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।
प्रतापगढ में ट्राईसाईकिल रैली निकाल कर मतदान का संदेश दिया।

000

भीलवाड़ा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता के निर्देश पर तरह–तरह के नवाचार किये जा रहे हैं। क्षेत्र में रंगोली, पोस्टर सहित मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नुक्कड नाटक का भी आयोजन हो रहा है, वहीं आसींद कस्बे में 5 हजार राखियां बनाई गई है और यह राखियां महिलाएं लोगों की कलाई पर बांधकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेंगी।

000

लोकसभा चुनाव के लिए डूंगरपुर जिले में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक वीरेंद्र लाठर ने आज कलेक्ट्रेट में माइक्रो ऑब्ज़र्वर की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए मतदान केंद्र पर सम्पूर्ण प्रक्रिया पर बारीकी से नज़र रखने को कहा। कही। श्री लाठर ने पर्यवेक्षकों को मतदान शुरू होने से एक डेढ घंटे पहले ही अपने बूथों पर पहुंचने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या होने पर माइक्रो ऑब्जर्वर तुरंत सेक्टर मजिस्ट्रेट को सूचित करें।

उधर बूंदी में दिव्यांग और अन्य मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस दौरान सभी कार्मिकों को ईवीएम से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

000

प्रदेश में दूसरे चरण के मतदान की तैयारियों के बीच जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिलों के मतदाताओं से लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी की अपील कर रहे हैं। जैसलमेर के जिला कलेक्टर ने अपने जिले के लोगों से वोट डालने का आग्रह किया है।

---------------------

सवाईमाधोपुर की जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने जिलेवासियों से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की है।

------------------------

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं।

-------------------

000

मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि नए आपराधिक कानूनों का लागू होना स्पष्ट रुप से दर्शाता है कि देश बदल रहा है और आगे बढ रहा है। आज नई दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. चन्द्रचूड़ ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम – इन तीनों आपराधिक कानूनों का लागू होना दर्शाता है कि देश अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन करने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि ये सभी नए कानून तभी सफल होंगे जब देश का प्रत्येक नागरिक इन्हें अपनाएगा।

000

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती कल मनायी जाएगी। इस मौके पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के मार्ग से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने प्रेम, दया और करूणा के जिस मार्ग का संदेश दिया, उस पर चलते हुए सभी लोग आदर्श और समरस समाज के निर्माण में योगदान दें।

000

राज्य में पूर्वी हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से ऊपर रहने लगा है। सर्वाधिक तापमान कोटा में 42 दशमलव 3 डिग्री रहा। इस बीच बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई है। आज करौली जिले में दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव के बाद कई जगह आंधी चलने से जनजीवन पर असर पड़ा। बारां में भी धूल भरी हवांए चली। मौसम विभाग ने कहा है कि कल से एक नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभावी होने से बीकानेर, अनूपगढ़, गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु, नागौर और आसपास के जिलों में दोपहर बाद आंधी बारिश की संभावना है।

आंधी बारिश की गतिविधियां 22 अप्रैल को भी बीकानेर, जयपुर संभाग के उत्तरी हिस्सों में कहीं–कहीं होने के आसार है।

000

अलवर जिले की बानसूर पुलिस ने नयी पहल करते हुए थाने के लांगरी की बेटी के विवाह में सहायता की है। बानसूर के उपपुलिस अधीक्षक, थाना अधिकारी और पुलिस जवानों ने शादी में एक लाख 51 हजार रूपये नकद और सोने–चांदी के जेवर मायरे में दिये। साथ ही बेटी की मां को भी चुनरी ओढाकर सम्मानित किया। थाना अधिकारी अरूण सिंह चौधरी ने बताया कि लड़की की मां के कोई भाई नहीं था इसलिए पुलिस ने बेटी का मायरा भरा। बानसूर पुलिस की इस पहल की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की है।

000

बून्दी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और बाल अधिकारिता विभाग की ओर से बाल विवाह निषेध अभियान के तहत रामनगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमन गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल विवाह पर सजा के प्रावधान और बाल विवाह को रूकवाये जाने की प्रक्रिया की कानूनी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह होने की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उपखण्ड अधिकारी और तहसीलदार को सूचित कर बाल विवाह को रूकवाया जा सकता है। इस मौके पर बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई।

**000**